राज्य, राजा और एक प्राचीन गणराज्य

पाठ्यपुस्तक के आंतरिक प्रश्न

1. लोगों ने वर्ण-व्यवस्था का विरोध क्यों किया? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-56)
उत्तर : वर्ण-व्यवस्था के विरोध के निम्नलिखित कारण थे

1. कुछ लोग जन्म के आधार पर वर्ण-निर्धारण सही नहीं मानते थे।
2. कुछ राजा खुद को पुरोहित से श्रेष्ठ मानते थे।
3. कुछ लोग व्यवसाय के आधार पर वर्ण-निर्धारण ठीक नहीं मानते थे।
4. कुछ लोगों का मानना था कि अनुष्ठान संपन्न करने का अधिकार सबका हो।

2. महाजनपदों के राजा ऋग्वेद में उल्लेखित राजाओं से किस प्रकार भिन्न थे? दो अंतर बताओ। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-58)
उत्तर : महाजनपदों के राजा तथा ऋग्वेद के राजाओं में निम्नलिखित दो अंतर हैं

महाजनपदों के राजा	ऋग्वेद के राजा
(*i*) राजा महल में रहते थे और उनकी बड़ी-बड़ी राजधानियाँ होती थी।	(*i*) राजा महल में नहीं रहते थे और न ही उनकी बड़ी-बड़ी राजधानियाँ होती थीं।
(*ii*) राजा के पास अपनी विशाल सेना होती थी।	(*ii*) राजा के पास अपनी कोई सेना नहीं होती थी।

3. शिकारी व खाद्य-संग्राहक राजाओं को क्या देते होंगे? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-59)
उत्तर : शिकारी तथा खाद्य-संग्राहक, राजाओं को जड़ी-बूटियाँ, हिरण, बाघ जैसे जानवरों की खालें, हाथी दाँत आदि देते होंगे।

4. वज्जि संघ अन्य महाजनपदों से कैसे भिन्न था? कम से कम तीन अंतर बताओ। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-62)
उत्तर : वज्जि संघ तथा महाजनपदों में अंतर निम्न प्रकार हैं

वज्जि-संघ	अन्य महाजनपद
(*i*) आपसी मेल-जोल द्वारा कार्य किए जाते थे।	(*i*) राजा स्वेच्छा से कार्य कर सकता था।
(*ii*) पारंपरिक नियमों का पालन करना आवश्यक होता था।	(*ii*) पारंपरिक नियमों का उल्लंघन किया जाता था।
(*iii*) पूर्ण व नियमित सभाएँ की जाती थी।	(*iii*) राजा सलाह तो लेते थे, परंतु फैसला स्वेच्छा से देते थे।

अन्यत्र (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-62)

अपने एटलस में यूनान और एथेन्स को ढूंढो।
लगभग 2500 साल पहले एथेन्स के लोगों ने एक शासन-व्यवस्था की स्थापना की, जिसे प्रजातंत्र या गणतंत्र कहते हैं।
यह व्यवस्था लगभग 200 सालों तक चली। इसमें 30 साल से ऊपर के उन सभी पुरुषों को पूर्ण नागरिकता प्राप्त थी, जो दास नहीं

थे। वहाँ एक सभा थी जो महत्त्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने के लिए सालभर में कम से कम 40 बार बुलाई जाती थी।
इस सभा में सभी नागरिक भाग ले सकते थे।
शासन के कई पदों पर नियुक्तियाँ लॉटरियों द्वारा की जाती थीं। सभी नागरिकों को सेना और नौसेना में अपनी सेवाएँ देनी होती थी।
औरतों को नागरिक का दर्जा नहीं मिलता था।
व्यापारियों तथा शिल्पकारों के रूप में एथेन्स में रहने और काम करने वाले बहुत से विदेशियों को भी नागरिक अधिकार नहीं मिले थे।
एथेन्स में खदानों, खेतों, घरों और कार्यशालाओं में काम कर रहे दासों को भी नागरिक अधिकार नहीं मिले थे।

क्या एथेन्स में वास्तव में जनतंत्र था?
उत्तर : एथेन्स में जनतंत्र नहीं था, क्योंकि

1. औरतों को नागरिक का दर्जा प्राप्त नहीं था।
2. खदानों, खेतों, घरों और कार्यशालाओं में काम करे रहे दासों को नागरिक अधिकार नहीं मिले थे।

कल्पना करो

वैशाली के उस सभागार में तुम अंदर झाँक रहे हो जहाँ मगध के राजाओं द्वारा आक्रमण का सामना करने के विषयों पर चर्चा की जा रही है। तुमने क्या सुना?
उत्तर : वैशाली के सभागार में राजा मगध की विशाल सेना के विषय में चर्चा कर रहे थे कि मगध के पास पैदल,
रथ और हाथियों की बहुत बड़ी सेना है और उसका मुकाबला कैसे किया जाए। सभी राजा घबराए हुए थे।

प्रश्न-अभ्यास
पाठ्यपुस्तक से

आओ याद करें

1. सही या गलत बताओ। |
(क) अश्वमेध के घोड़े को अपने राज्य से गुजरने की छूट देने वाले राजाओं को यज्ञ में आमंत्रित किया जाता था।
(ख) राजा के ऊपर सारथी पवित्र जल का छिड़काव करता था।
(ग) पुरातत्त्वविदों को जनपदों की बस्तियों में महल मिले हैं।
(घ) चित्रित-धूसर पात्रों में अनाज रखा जाता था।
(ङ) महाजनपदों में बहुत से नगर क़िलाबंद थे।
उत्तर :
(क) सही
(ख) गलत
(ग) गलत
(घ) गलत
(ङ) सही

2. नीचे दिए गए खानों में निम्नलिखित शब्द भरो।
शिकारी-संग्राहक, कृषक, व्यापारी, शिल्पकार, पशुपालक





3. समाज के वे कौन-से समूह थे, जो गणों की सभाओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे?
उत्तर : स्त्रियाँ, दास तथा कम्मकार गणों की सभाओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे।आओ चर्चा करें

4. महाजनपद के राजाओं ने क़िले क्यों बनवाए?
उत्तर :
महाजनपद के राजाओं द्वारा किलों के निर्माण करने के प्रमुख कारण निम्नलिखित थे.

1. कुछ राजा बाहरी राजाओं के आक्रमण के भय से अपनी सुरक्षा के लिए किलों का निर्माण करते थे।
2. कुछ राजा अपनी शक्ति तथा समृद्धि का प्रदर्शन करने के लिए किलों का निर्माण करते थे।

5. आज के शासकों के चुनाव की प्रक्रिया जनपदों के चुनाव से किस तरह भिन्न थी?
उत्तर : आज शासकों का चुनाव आम जनता द्वारा मतदान के माध्यम से किया जाता है, परंतु जनपदों में कुछ लोग बड़े-बड़े यज्ञों को आयोजित कर राजा बन जाते थे। आओ करके देखें

6. तुम्हारी पुस्तक के अंत में दिए गए राजनीतिक मानचित्र में अपना राज्य हूँढ़ो। क्या वहाँ प्राचीन जनपद थे? अगर हाँ, तो उनके नाम लिखो। अगर नहीं, तो अपने राज्य के सबसे नज़दीक पड़ने वाले जनपदों के नाम बताओ।
उत्तर : विद्यार्थी स्वयं करें।

7. प्रश्न 2 के उत्तर में बताए गए समूहों में से कौन-से समूह आज भी कर देते हैं।
उत्तर : आज भी (i) व्यापारी (ii) शिल्पकार (iii) पशुपालक कर देते हैं।

8. प्रश्न 3 के उत्तर में बताए गए समूहों में किन-किन को आज मतदान का अधिकार प्राप्त है?
उत्तर :

1. स्त्रियाँ
2. दास
3. कम्मकार ।

आज इन तीनों समूहों को मतदान का अधिकार प्राप्त है।